-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 10.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम (एसपीईएल) 2.0 के क्रम में चयनित थानों पर स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को दी गई पुलिस कार्यों की जानकारी।**

विवरण- स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम (एसपीईएल) भारत सरकार की वर्ष 2023 में शुरू की गई एक अभूतपूर्व पहल है, जिसके तहत स्नातक स्तर के छात्रों को पुलिस से जुड़े कार्यों के बारे में जानकारी दी जाती है और उन्हें कानून पायलट के रूप में तैयार किया जाता है। इस प्रोग्राम के ज़रिए छात्र / छात्राओं को पुलिस आचार संहिता, पुलिस स्टेशन के कामकाज और महिलाओं और बच्चों के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में जानकारी दी जाती है। इसी क्रम में आज दिनांक 10.01.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी अतर्रा /नोडल अधिकारी SPEL श्री प्रवीण कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद के थाना अतर्रा, बिसण्डा व नरैनी पर SPEL प्रोग्राम 2.0 के तहत चयनित छात्र छात्राओं को महिला अपराध सम्बन्धी रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, 1090 रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, सीसीटीएनएस, मिशन शक्ति/एन्टी रोमियों रजिस्टर के महत्व एवं उनके कार्यो के बारे बताया गया साथ ही पुलिस अधिकारियों के रैंक की भी जानकारी दी गई।